CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:54 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:40 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 55 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 13 अगस्त 2024



रिलीज से एक दिन पहले...पेज-3 पर

News कॉर्नर

### 15 अगस्त पर सेवा पदक सम्मान से सम्मानित होंगे अपर उप निरीक्षक राजीव



**रुद्रपुर।** आगामी 15 अगस्त को राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस पर्व पर पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार द्वारा सेवा एवं विशिष्ट कार्यो के लिए पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों को मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक एवं उत्कृष्ट, सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान करने की घोषणा की है। जिसमें सराहनीय सेवा सम्मान पदक प्राप्त करने वालों की सूची में हल्द्वानी सीआईडी सेंटर में कार्यरत अपर उप निरीक्षक राजीव कुमार का नाम भी शामिल है। इसके अतिरिक्त विशिष्ट कार्य के लिए सराहनीय सेवा सम्मान प्राप्त करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की सूची में एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह,उप निरीक्षक विपिन जोशी, एसआई केजी मठपाल, प्रकाश भगत, मुख्य आरक्षी जगपाल सिंह, आरक्षी गुरवंत सिंह आदि के नाम शामिल हैं। जानकारी के अनुसार सराहनीय सेवाओं के लिए 20 व विशिष्ट कार्य के लिए 34 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान किया जायेगा।

### गंगाजल भरने गईं महिला-युवती भागीरथी में बही, लोगों ने किया हाईवे जाम

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी के नाकुरी में शिव मंदिर के निकट गंगाजल भरने के दौरान एक महिला और एक युवती भागीरथी नदी के तेज बहाव में बह गईं। सूचना पर पहुंची एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, क्यूआरटी और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने दोनों की तलाश में बचाव अभियान शुरू कर दिया है।

## सीएम योगी के सामने सपा ने सांसद अवधेश को दी ये बड़ी जिम्मेदारी

**लखनऊ**

एजेंसी

अयोध्या उपचुनाव को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा दांव खेला है। मुख्यमंत्री योगी के सामने सपा से अवधेश को कमान दी गई है। सपा ने पांच अन्य सीटों पर भी तैयारी के लिए चुनाव प्रभारी तय कर दिए हैं।

उत्तर प्रदेश में दस सीटों के लिए विधानसभा उपचुनाव होने हैं, अभी तारीखों का एलान नहीं हुआ है, लेकिन राजनीतिक दलों ने इन सीटों पर उतरने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। सभी दल उपचुनाव की तैयारियों में जुटे हैं। इसी बीच,



विधानसभा उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने अयोध्या की मिल्कीपुर सीट की कमान सांसद अवधेश प्रसाद को दी है। भाजपा से यहां की जिम्मेदारी खुद सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने हाथों में ली है। सपा के अवधेश प्रसाद इसी सीट से विधायक रहते हुए पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा सांसद लल्लू सिंह को हराकर सांसद बने हैं। अवधेश के साथ विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव को मिल्कीपुर से प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा सपा ने पांच अन्य सीटों पर भी उपचुनाव की तैयारियों के लिए दिग्गज उतार दिए हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से दलित जाति के अवधेश प्रसाद पर दांव लगाया था और उनकी यह रणनीति सफल रही। अवधेश प्रसाद के सांसद बनने के बाद मिल्कीपुर सीट पर भी उपचुनाव होना है। दलित बहुल मिल्कीपुर सीट के लिए सपा ने अवधेश प्रसाद को प्रभारी बनाकर दलित-मुस्लिम और पिछड़ा समीकरण के जरिये अपनी व्यूह रचना की है। यहां से अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को ही टिकट मिलना तय माना जा रहा है। कटेहरी (अम्बेडकरनगर) में पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव, मझवां (मिर्जापुर) सीट की जिम्मेदारी सांसद वीरेंद्र सिंह और करहल (मैनपुरी) की जिम्मेदारी पूर्व मंत्री चंद्रदेव यादव को दी गई है।

कल तक जांच पूरी करने का दिया समय

## हड़ताल कर रहे जूनियर डॉक्टरों का पुलिस को दिया अल्टीमेटम

**नई दिल्ली/कोलकाता**

एजेंसी

कोलकता की घटना के खिलाफ दिल्ली समेत एनसीआर के डॉक्टर सड़कों पर उतर आए हैं और अपनी सुरक्षा को लेकर सरकार से मांग कर रहे हैं। हड़ताल के समर्थन में एम्स, आरएमएल और लेडी हार्डिंग के नर्सिंग स्टाफ भी आ गए हैं। डॉक्टरों की हड़ताल के बीच इमरजेंसी सुविधाएं जारी हैं।

डॉक्टरों की हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाएं लगातार प्रभावित हो रही हैं। आज भी कुछ ऐसी ही स्थिति देखने को मिली। सुबह से ही सभी सरकारी अस्पतालों के बाह्य रोगी विभागों में मरीजों की लंबी कतारें देखी गई। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म और हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर और छात्र सड़क पर उतरकर लगातार विरोध




प्रदर्शन कर रहे हैं। जूनियर डॉक्टरों ने न्याय मांगते हुए मंगलवार को भी हड़ताल जारी रखी। उन्होंने पुलिस को जांच पूरी करने के लिए कल तक का समय दिया है। डॉक्टरों की हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाएं लगातार प्रभावित हो रही हैं। आज भी कुछ ऐसी ही स्थिति देखने को मिली। सुबह से ही सभी सरकारी अस्पतालों के बाह्य रोगी विभागों (ओपीडी) में मरीजों की लंबी कतारें देखी गई। वहीं, वरिष्ठ डॉक्टर भीड़ को संभालने के लिए अपने कनिष्ठ समकक्षों को तैनात करते दिख रहे थे। मरीजों की बढ़ती संख्या पर सरकारी एसएसकेएम अस्पताल के एक अधिकारी ने कहा कि चूंकि सोमवार को अधिकांश वरिष्ठ डॉक्टर मौजूद थे, इसलिए स्थिति को संभाल लिया गया था।

वहीं, महिला डॉक्टर की हत्या के मामले की मजिस्ट्रेटी जांच की मांग कर रहे आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को कोलकाता पुलिस को जांच पूरी करने के लिए 14 अगस्त तक का समय दिया है।

## स्वतंत्रता दिवस को भव्यता व हर्षोलास से मनाने को लेकर रूपरेखा तय

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

स्वतंत्रता दिवस को भव्यता व हर्षोलास से मनाने को लेकर कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित हुई। डीएम कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी 9.30 बजे व पुलिस लाईन में सुबह 10 बजे प्रभारी मंत्री द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके परिजनो को सम्मानित किया जायेगा व उत्कृष्ट कार्यक्रम करने वालो को सम्मान के साथ ही पौधारोपण भी किया जायेगा। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालयों में भाषण, पेंटिंग, गोष्ठी निबंध लेखन, गायन प्रतियोगिता, श्लोगन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान एवं त्याग के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की जाए। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जिला क्रीड़ा अधिकारी को क्रॉस कन्ट्री रेस में अधिक से अधिक खिलाड़ियों की प्रतिभाग करने निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक भव्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा, तिरंगा संगीत, देश भक्ति गीत, तिरंगा प्रतिज्ञा, स्वस्च्छता कार्यक्रम, एक पेड़ माँ के नाम पौधा रोपण कार्यक्रम करने के निर्देश दिये। बैठक में एसएसपी टीसी, सीडीओ मनीष कुमार, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोड़के, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल,, एसपी सिटी मनोज कत्याल, जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल, गुंजन सुखीजा, पीडी अजय सिंह, डीडीओ एसएम डोभाल, सीएमओ डॉ मनोज शर्मा, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पांडे,ओसी डॉ0 अमृता शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भीमताल में तेंदुए के आतंक से वार्डवासियों में दशहत शीघ्र पिंजरा लगाने की मांग

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल नगर के वार्ड 3 एवं वार्ड 4 में लगातार पिछले कई समय से तेंदुए का आतंक बना हुआ है,जिससे वार्डवासियों में दशहत का माहौल बना है।

स्थानीय लोगों का कहना कि देंदुए के आतंक से सुबह व शाम को सार्वजनिक रास्तों, सड़कों पर अँधेरा होने से खतरा और बढ़ रहा है। कहा कि कई बार नगर पालिका से प्रकाश पथ सार्वजनिक रास्तों पर देने की मांग रखी किन्तु नगर पालिका को नगर वासियों की सुध नहीं ली गयी है। कहा कि बिलासपुर आदि जगहों पर पालतु जानवरों में झपटने की घटना हो रही हैं, जगह जगह क्षेत्र में कई लोगों को अलग अलग जगहों पर हर दूसरे तीसरे दिन तेंदुआ बाग दिखाई दे रहा है । कहा कि भविष्य में किसी बड़ी घटना की अनहोनी न हो उससे पहले वन विभाग क्षेत्र को पूरी सुरक्षा देनी चाहिए। बेरोजगार संघ अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी ने बताया कि बीते दिनों में बिलासपुर क्षेत्र में पालतू कुत्ते में तेंदुआ झपटा व क्षेत्र में अन्य जगहों पर तेंदुआ का हमला कुत्तों पर बताया जा रहा है। उन्होंने वन विभाग इस तरह की घटना को रोकने के लिए क्षेत्र में गश्त लगाने के साथ ही शीघ्र पिंजरा लगाकर इसे पकड़े जाने की मांग की है।

## डायग्नोस्टिक सेंटर के बेसमेंट में लगी आग, तीन वाहन जले

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी के मुखानी चौराहे के पास डीवी डायग्नोस्टिक सेंटर के बेसमेंट में सोमवार शाम करीब पांच बजे अचानक आग लग गई। देखते-देखते विकराल हुई आग पर दमकल विभाग ने दो घंटे में काबू पाया।

हल्द्वानी के मुखानी चौराहे के पास डीवी डायग्नोस्टिक सेंटर के बेसमेंट में सोमवार शाम करीब पांच बजे अचानक आग लग गई। देखते-देखते विकराल हुई आग पर दमकल विभाग ने दो घंटे में काबू पाया। आग लगने से बेसमेंट में खड़ी एंबुलेंस सहित तीन वाहन जल गए। जांच में एंबुलेंस में शॉर्ट सर्किट से अग्निकांड की बात सामने आई है।

पुलिस के अनुसार सोमवार शाम पांच बजे डायग्नोस्टिक सेंटर संचालक डॉ. तुषार शर्मा ने सेंटर के बेसमेंट से धुआं उठते देखा। उन्होंने तुरंत



कर्मचारियों को बुलाया और सेंटर में मौजूद अग्निशमन उपकरणों से आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। पर आग विकराल होती चली गई।

बेसमेंट से निकलता धुएं का गुबार देख मौके पर लोगों में हड़कंप मच गया। इस बीच नगर स्वास्थ्य अधिकारी निरीक्षण के लिए शहर में निकले थे। उन्होंने भवन से धुआं उठता देख नगर निगम की जेसीबी और कर्मचारी भी बुला लिए। सूचना पर दमकल के चार फायर टेंडर भी मौके पर पहुंचे। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। जब तक आग बुझती, तब तक बेसमेंट में बनी पार्किंग में खड़ी एंबुलेंस, एक कार और एक बाइक जल गई। दमकल की टीम ने चार बाइक, एक कार को जलने से बचा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार का कहना है कि मंगलवार को हादसे की जांच की जाएगी। शुरुआती जांच में एंबुलेंस में शॉर्ट सर्किट लग रहा है। पार्किंग में लगे सीसीटीवी से आग के कारणों का पता चल पाएगा।

दमकल को 15 दिन पहले ही मास्क, ऑक्सीजन सिलिंडर मिले हैं। सोमवार को जब बेसमेंट में आग लगी तो धुएं के कारण आग बुझाना काफी कठिन था। धुएं के गुबार के कारण पता नहीं चल रहा था कि अंदर कोई फंसा तो नहीं है। इस पर दमकल की टीम के दो सदस्य मास्क, ऑक्सीजन सिलिंडर, स्पेशल गॉगल, मास्क पहनकर बेसमेंट में उतरे। हालांकि अंदर किसी व्यक्ति के फंसे नहीं होने पर टीम ने राहत की सांस ली।

**हड़कंप**

- दमकल की चार गाड़ियों ने 2 घंटे में पाया काबू

# जयंती पर पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस मनाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह श्रृंखला के तहत सोमवार को शहीद मेजर राजेश सिंह अधिकारी केंद्रीय पुस्तकालय एवम सूचना विज्ञान विभाग कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में पद्मश्री डॉ. एस. आर. रंगनाथन की 132वीं जयंती के विशेष मौके पर पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत को पुष्प गुच्छ एवं फ ोल्कलोर ऑफ उत्तराखंड पुस्तक भेंट करने के साथ कार्यक्रम का शुभांरम्भ किया गया। बता दें कि डॉ. रंगनाथन के जन्म दिन यानी 12 अगस्त को पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका जन्म तमिलनाडु के तंजावुर जिले के शियाली गाँव में वर्ष 1892 हुआ। पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में उनकी मौलिक सोच के लिए उन्हें दुनिया भर में व्यापक रूप से जाना जाता है।



भारत में उन्हें पुस्तकालय विज्ञान का जनक भी कहा जाता है। पुस्तकालय के क्षेत्र में डॉ. रंगनाथन का अतुल्यनीय योगदान रहा है। उनके प्रमुख कार्यों में पुस्तकालय विज्ञान के पाँच नियम यथा- कोलन, वर्गीकरण, वर्गीकृत, कैटलॉग, कोड और पुस्तकालय प्रबंधन के सिद्धांत इत्यादि हैं। वर्ष 1957 में भारत सरकार द्वारा डॉ. रंगनाथन को पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान क्षेत्र में उनके बहुमूल्य योगदान हेतु पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

इस अवसर पर डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा,कार्यकारी डीएसडब्ल्यू प्रो. ललित तिवारी समेत प्रो.दिव्या जोशी,डॉ. रितेश शाह,प्रो. नीलू लोधियाल तथा डा. उमंगए ने अपने विचार रखे। इससे पूर्व दीप प्रज्वलन के साथ ही रंगनाथन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान एल.डी.उपाध्याय, हितेंद्र प्रसाद,राहुल शाह, मनोज कुमार, दीपा राणा, सोनी, हेम चंद्र, दीप तिवारी तथा एम लिव के छात्र- छात्राएँ तथा पुस्तकालय विभाग व केन्द्रीय पुस्तकालय एवं डीएसबी परिसर पुस्तकालय के सभी कर्मचारी उपस्थित आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. युगल जोशी द्वारा किया गया।

## एक सूत्रीय मांग को लेकर धरना जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितिकरण की एक सूत्रीय मांग को लेकर निगम कर्मियों का 41वें दिन भी देहरादून व नैनीताल में धरना जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि निगम के कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण के तहत अपनी मांग नियमितीकरण को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन के तहत सोमवार को भी कुमाऊँ मंडल विकास निगम व गढ़वाल मंडल विकास निगम के परिसर में विभिन्न प्रजाति के सैकड़ो पौधों का रोपण किया साथ ही बृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया।

उन्होंने कहा कि निगम मुख्यालय नैनीताल में महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला के नेतृत्व में कर्मचारियों ने धरने के साथ-साथ केव गार्डन परिसर में बृहद स्तर पर पौधारोपण किया वहीं पर्यटक आवास गृह कौसानी में महासंघ के जिलाध्यक्ष महेश कुमार दास के नेतृत्व में बृहद स्तर पर विभिन्न प्रजाति केपौधों का रोपण किया गया।



# नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य हर्ष रखाकर ने सोमवार को नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इससे पूर्व सफ ाई कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

बैठक के दौरान देवभूमि कर्मचारी संघ के महासचिव सोनू सदैव अन्य कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों का एक पत्र आयोग के सदस्य को सौंपा। संविदा सफ ाई कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें वेतन समय पर नहीं मिल पा रहा है। इस विषय पर आयोग के सदस्य ने पालिका के अधिशासी अधिकारी को आदेश दिया है कि संविदा कर्मचारियों को 18 अगस्त तक पूरा वेतन जारी किया जाए साथ ही कर्मचारियों ने मांग की कि मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को उचित लाभ दिया जाए, सफ ाई कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोतरी, कर्मचारियों का सामूहिक बीमा की व्यवस्था, पेंशन का समय पर भुगतान व कर्मचारियों को भूमि का मालिकाना हक दिलाने तथा पांच वर्षों के बाद कर्मचारियों का नियमितिकरण आदि की माँग को प्रमुखता से आयोग के सदस्य के समक्ष रखा। आयोग के सदस्य हर्ष रखाकर ने इन मुद्दों को गंभीरता से लेते कर्मचारियों को जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान पालिका के प्रशासक केएन गोस्वामी, ईओ पूजा चन्द्रा, अपर जिलाधिकारी शिव चरण, तहसीलदार मनीषा मकराना तथा कोतवाल हरपाल सिंह ओमप्रकाश भैया आदि लोग मौजूद थे।

# वन विभाग द्वारा निर्मित नौले के पास एक प्राचीन और खंडित गणेश प्रतिमा पाई गई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के पंगूट मोटर मार्ग लगभग 5 किलोमीटर हिमालय दर्शन और सत्यनारायण मंदिर के बीच स्थित वन विभाग द्वारा निर्मित नौले के पास एक प्राचीन और खंडित गणेश प्रतिमा पाई गई है।

बता दें कि रविवार की सुबह भ्रमण के दौरान लोनिवि के सेवानिवृत्त सहायक अभियंता प्रवीण गुरुरानी की नजर इस प्रतिमा पर पड़ी जो नौले की दीवार से सटी हुई थी। पत्थर से बनी इस प्रतिमा ने अपनी सुंदरता और उत्कृष्ट शिल्पकला से गुरुरानी का ध्यान आकर्षित किया हालांकि प्रतिमा खंडित अवस्था में है। गुरुरानी ने अद्वितीय मूर्तिकला की सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व को समझते हुए सुझाव दिया है कि इस प्रतिमा की जांच कराकर इसे किसी उपयुक्त स्थान संग्रहालय में संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने इस विषय को उजागर करने के लिए फेसबुक पर एक पोस्ट भी साझा की है जिसमें इस प्रतिमा की स्थिति और उसके संभावित इतिहास पर चर्चा की गई है। इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व भूगर्भ शास्त्री सतीश जैन ने बताया कि इस गणेश प्रतिमा का निर्माण ढोलपुर स्टोन से किया गया है और इसे लगभग 100 वर्ष पुराना माना जा सकता है। यह जानकारी प्रतिमा की ऐतिहासिकता और उसके संरक्षण की आवश्यकता को और भी महत्वपूर्ण बनाती है।

गुरुरानी का मानना है कि यह प्रतिमा एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर है और इसे उचित स्थान पर पुनर्स्थापित करना आवश्यक है। उन्होंने अपील की है कि इस प्रतिमा को उठाकर सही स्थान पर स्थापित किया जाए ताकि यह आने वाली युवा पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रह सके और इसका ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व बरकरार रखा जा सके।

## NEWS / फटाफट

### बस व पिकअप आमने सामने भीड़े, बाल-बाल बचे

**नैनीताल।** ज्योलीकोट क्षेत्र में सोमवार को एक बस व पिकअप आमने सामने भीड़ गए। बस व पिकअप की भिड़ंत में दोनों वाहनों में सवार कई लोग मामूली रूप से चोटिल हुए। गनीमत यह रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार सोमवार को अल्मोड़ा डिपो की बस सवारियों को लेकर हल्द्वानी से अल्मोड़ा को निकली थी। बस ज्योलीकोट में पहुंची ही थी कि नैनीताल से हल्द्वानी की ओर जाती एक पिकअप मोड पर बस के सामने आ गई। इससे पहले की वाहन चालक वाहनों को संभाल पाते दोनों वाहन सामने से आपस में भीड़ गए। इस दौरान बस व पिकअप में सवार लोगों की चीख पुकार निकल गई। इस दौरान बस का टायर पंचर होने से बस बीच सडक़ में ही खड़ी हो गई जिससे लंबा जाम भी लग गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप को सडक़ से हटवाकर यातायात व्यवस्थित कराया। ज्योलिकोट चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य ने बताया कि मोड में बारिश के दौरान बस व पिकअप की टक्कर हो गई थी जिसमें कुछ लोग मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। बताया कि पिकअप को सडक़ से हटा दिया गया है। बस को भी हटाने की कार्वाई रोडवेज की ओर से की जा रही है।

### भारत गौरव सेवा सम्मान अवार्ड से सम्मानित किया



**हल्द्वानी।** एलसीडब्ल्यूडीसी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपा त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष भवानी बिष्ट और दीप्ति चौपाल राष्ट्रीय सचिव महिला प्रकोष्ठ को हरिद्वार में भारत गौरव सेवा सम्मान समारोह 2024 में सामाजिक कार्य को देखते हुए भारत गौरव सेवा सम्मान अवार्ड से सम्मानित किया गया। चंपा त्रिपाठी अपनी टीम के साथ महिलाओं और बच्चों के लिए कार्य कर रही है। आपकी टीम ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर महिलाओं को जागरूक करती है कि अपनी सफाई और सुरक्षा कैसे की जाए और बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हैं और किसी भी प्रकार की समस्या होती है उनकी समस्याओं का समाधान करती है। चंपा त्रिपाठी ने कहाँ कि वह निस्वार्थ भाव से सामाजिक कार्य कर सभी के सहयोग से आम जन की सेवा करने का प्रयास करती है। उन्होंने कहाँ कि सभी सक्षम लोगों को समाज में ऐसे लोगों कि सेवा करनी ही चाहिऐ।

### उच्च न्यायालय के नशा विरोधी अभियान में लघु फिल्म का चित्रण कर जागरूक किया



**हल्द्वानी।** उच्च न्यायालय उत्तराखंड द्वारा जिले में संचालित नशा विरोधी अभियान व उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल सुबीर कुमार के मार्गदर्शन के दृष्टिगत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गुलियानी के निर्देशन में ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी हल्द्वानी व नैंसी नर्सिंग कॉलेज ज्योलीकोट में उच्च न्यायालय द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत लघु फिल्म चित्रण द्वारा उत्तराखंड में बढ़ते हुए नशे के प्रभाव को रोकने के लिए प्रचार प्रसार व जागरूक किया गया तथा बताया गया की नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीड़ित है। हमें कभी भी नशा नहीं करना चाहिए। नशे की लत हर किसी के लिए बहुत हानिकारक है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक


पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू रजपूत


# नैनीताल बैंक के विलय को लेकर मुलाकात

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल बैंक ऑफि सर्स एसोसिएशन और नैनीताल बैंक स्टाफ एसोसिएशन के संयुक्त मोर्चे के प्रतिनिधियों ने सांसद अनिल बलूनी से भाजपा मुख्यालय दिल्ली में नैनीताल बैंक के बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय की मांग को लेकर मुलाकात की।

संगठन के प्रतिनिधियों ने सांसद अनिल बलूनी को नैनीताल बैंक की वर्तमान स्थितियों के बारे में अवगत कराया और नैनीताल बैंक के विनिवेश पर रोक लगाने तथा नैनीताल बैंक के बैंक ऑफ बडौदा में विलय हेतु उचित कार्यवाही करने हेतु निवेदन किया। संगठन द्वारा सौंपे गए प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि यह मसला उनकी प्राथमिकता में है तथा उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि कर्मचारियों की विलय संबंधित माँग पर वह शीघ्र ही संबंधित मंत्रालय में



इस बाबत बातचीत करेंगे। आगे बात करते हुए सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि भाजपा सरकार कर्मचारियों और बैंक के ग्राहकों के सुरक्षित हितों के लिए कटिबद्ध है। इससे पूर्व जनवरी 2024 में सांसद के नेतृत्व में नैनीताल बैंक अधिकारी संगठन का प्रतिनिधिमंडल नैनीताल बैंक के बैंक ऑफ बडौदा में विलय संबंधित वर्षो लंबी माँग के चलते वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से उनके कार्यालय में मिला था जिसमें भी वित्तमंत्री द्वारा भी इस दिशा में उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया हालांकि लोक सभा चुनाव प्रक्रिया के चलते और आदर्श आचारसंहिता लागू हो जाने के कारण इस दिशा में कार्यवाही लंबित रह गई थी। नैनीताल बैंक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा प्रतिनिधिमंडल में अधिकारी संगठन के महामंत्री पीयूष पयाल, उप महामंत्री प्रवीण रावत तथा कर्मचारी संगठन (एनबीएसए) के उप महामंत्री राजेश पांडे एवं मणिमाला, जतिन दुआ, रमेश पाल व धर्म सिंह और अन्य मौजूद रहे।

# अभिमत



## नौनिहालों को खतरा

*जिस बेसमेंट में पानी भरा उस भवन के स्वामी ने सरकारी विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र यदि लिया है तो भी बेसमेंट का इस्तेमाल कोचिंग के लिए नहीं किया जा सकता है। बहुमंजिला इमारतों में बेसमेंट का उपयोग सिर्फ पार्किंग अथवा कूड़े-कचरे के भंडारण के लिए किया जा सकता है। बहुमंजिला भवनों में ज्यादातर बेसमेंट का दुरुपयोग करते हुए किराये पर उठाया जाता है। बेसमेंट का किराया कम होने से कोचिंग संचालक सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर छात्रों की जान से खिलवाड़ करते हैं। बेसमेंट का सदुपयोग भवन में रहने वालों के वाहनों की पार्किंग के लिए होना चाहिए।*

दिल्ली की एक इमारत के बेसमेंट में संचालित कोचिंग सेंटर में पानी भर जाने से दो छात्राओं व एक छात्र की मृत्यु के बाद पूरे देश में दहशत व्याप्त हो गई। बेसमेंट वाली बहुमंजिला इमारतों की सुरक्षा के मानकों को लेकर सवाल उठना लाजिमी है। महानगरों से लेकर छोटे शहरों व कस्बों में काम्पलेक्स, मॉल, शिक्षण संस्थानों आदि के भवनों में आग और अन्य खतरों का विशेष ध्यान रखने के नियम है। अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने की अनिवार्यता है। जिस बेसमेंट में पानी भरा उस भवन के स्वामी ने सरकारी विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र यदि लिया है तो भी बेसमेंट का इस्तेमाल कोचिंग के लिए नहीं किया जा सकता है। बहुमंजिला इमारतों में बेसमेंट का उपयोग सिर्फ पार्किंग अथवा कूड़े-कचरे के भंडारण के लिए किया जा सकता है। बहुमंजिला भवनों में ज्यादातर बेसमेंट का दुरुपयोग करते हुए किराये पर उठाया जाता है। बेसमेंट का किराया कम होने से कोचिंग संचालक सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर छात्रों की जान से खिलवाड़ करते हैं। बेसमेंट का सदुपयोग भवन में रहने वालों के वाहनों की पार्किंग के लिए होना चाहिए। भवन में रहने वाले वाहनों को सड़क पर खड़ा करके यातायात में बाधा डालते हैं। महानगरों में भूमि की उपलब्धता घटने और आबादी बढ़ने से ज्यादातर भवनों में बेसमेंट है। बेसमेंट बनाना जरूरी और मजबूरी है, लेकिन बेसमेंट का सदुपयोग जरूरी है। जिस भवन में दुर्घटना हुई है, उसमें देश की सबसे प्रतिष्ठित भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पढ़ाया जा रहा था। देश की राजधानी में अध्ययन की अच्छी सुविधा के लिए विभिन्न राज्यों से मेधावी और प्रतिभावान युवा पहुंचते हैं। मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग की देशभर में शाखाएं हैं। महानगरों ही नहीं कस्बों में भी कोचिंग संस्थानों की भरमार है। दिल्ली में हादसा होने के बाद देशभर में प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाई और बेसमेंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बेसमेंट का व्यावसायिक कार्य के लिए दुरुपयोग पाया गया। फिलहाल बेसमेंट में संचालित व्यावसायिक संस्थानों को बंद करा दिया गया। सबसे गंभीर मामला यह है कि बेसमेंट के दुरुपयोग से आग लगने की घटना हो जाने पर पूरे भवन और आसपास की इमारतों को भी नुकसान पहुंच सकता है। पूरे भवन में आग लगने से जान-माल की क्षति का आंकलन मुश्किल है। ज्यादातर बेसमेंट में अग्निशमन के इंतजाम नहीं होते हैं। अस्पतालों में भी बेसमेंट का दुरुपयोग किया जाता है। पैथालॉजी लैब और आफिस संचालित किये जाते हैं।

# प्रवेशित छात्र/छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में सोमवार को वाणिज्य विभाग द्वारा नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व दीक्षारंभ समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 दीवान सिंह रावत तथा विशिष्ठ अतिथि डॉ0 प्रमोद अग्रवाल गोल्डी तथा अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात विभाग के गुरुजनों द्वारा सभी अतिथियों का बैज अलंकरण एवं पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। वाणिज्य विभाग की तरफ से डॉ. आरती पंत द्वारा सभी अतिथियों एवं छात्र छात्राओं का स्वागत किया गया, जिसके पश्चात दीक्षारंभ समारोह के मुख्य संयोजक एवं वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी द्वारा समारोह की रूपरेखा एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व विभागीय निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी जिनके विजेताओं को भी अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके द्वारा प्रदर्शित व्यावसायिक मॉडल्स एवं राखियों की सराहना की एवं भविष्य के लिए उनका मार्गदर्शन किया। प्रो. रावत द्वारा छात्र/ छात्राओं को उन विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई जो विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ की गई है। प्रो. रावत ने छात्र/छात्राओं को अनेक उदाहरणों द्वारा देवभूमि उत्तराखंड की भाषा और सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए भी उत्साहित किया। समारोह के दौरान हस्त निर्मित राखी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिमरन जबकि द्वितीय स्थान मंतशा अहमद व तृतीय स्थान पर रोशनी कठायत रही वहीं प्राची भंडारी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। निबंध प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमश:भूमिका राणा, प्रदीप्ति वल्दिया व प्रिया भंडारी रहे जबकि कंचन बिष्ट को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। व्यावसायिक मॉडल्स प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार संयुक्त रूप से करण सेतिया, पूजा, धीरज व प्रदीप्ति को प्राप्त हुआ जबकि द्वितीय पुरस्कार निहारिका, संस्कृति, कृतिका व प्रियांशी की टीम को प्रदान किया गया जबकि तृतीय स्थान पर सानिया, सुनीक्षा, कृतिका व प्रियांशी की टीम रही। सांत्वना पुरस्कार भी संयुक्त रूप से राकेश पोदार तथा अपूर्वा, आराधना, जिज्ञासा, नैंसी व निहारिका की टीम को प्राप्त हुआ। पुरस्कार वितरण के पश्चात वाणिज्य विभाग के गुरुजन डॉ. विजय कुमार द्वारा सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान डीएसबी परिसर को निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. चित्रा पांडे, कला संकायाध्यक्ष प्रो. पदम सिंह बिष्ट,मुख्य कुलानुशासक प्रो.हरीश चंद्र सिंह बिष्ट,प्रो. चंद्रकला रावत, प्रो. निर्मला ढैला, डॉ. शशि पांडे, डॉ. किरण तिवारी, डॉ. हरिप्रिया पाठक, डॉव गगन दीप होथी, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. आरती पंत, डॉ. विजय कुमार, डॉ. ममता जोशी, डॉ. निधि वर्मा, डॉ. हिमानी जलाल, आदि मौजूद रहे। संचालन रितिशा शर्मा द्वारा किया गया।

## जाहर वीर गोगा सेवा दल राजस्थान के लिए रवाना



**नैनीताल।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार को जाहर वीर गोगा सेवा दल नैनीताल के सदस्य दल अध्यक्ष मनोज बेदी के नेतृत्व में नैनीताल से गुरु गोरखनाथ व जाहर वीर गोगा के पावन धाम राजस्थान के लिए रवाना हुए।

यात्रा में दल अध्यक्ष मनोज बेदी सहित धर्मेश प्रसाद,मुकेश मर्दान,अजय बेदी, मंजीत सहदेव,विक्की सिलेलान, अरुण कैसले,विनोद कुमार, अमन टांक तथा प्रियांशु मर्दान आदि दल के सदस्य नैनीताल से राजस्थान के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर नगर के निवासियों ने इस धार्मिक यात्रा पर जाने वाले सभी सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ अत्याचार को लेकर रैली

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नैनीताल में सोमवार को हिन्दू संगठनों द्वारा बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रहे घोर अत्याचारों के खिलाफ विशाल रैली निकाली। रैली मल्लीताल पंत पार्क से माल रोड होते हुए तल्लीताल गांधी मूर्ति में जाकर समाप्त हुई।


बता दें कि बांग्लादेश के हालात बद से बत्तर होते जा रहे है जिसको लेकर सोमवार को नैनीताल में जय श्री राम और विश्व हिंदू परिषद संगठनों के आह्वान पर बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए पंत पार्क से माल रोड होते हुए तल्लीताल गांधी मूर्ति तक रैली निकाली गई। रैली में महिलाओं और बच्चों ने भी प्राथमिकता से भाग लिया। इस दैरान रैली निकालते लोगो ने भारत सरकार से मांग की है कि वह बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से वार्ता कर हिन्दुओं को सुरक्षित रखने की बात करें।

इस मौके पर नितिन सिंह कार्की ने कहा कि जिस तरह का माहौल बागलादेश में बना हुआ है उसे रोका जाए। सुनीता सिंह ने कहा बांग्लादेश में जैसे हिंदुओं के साथ हो रहा है वैसा नहीं होना चाहिए,बोली कि मां बेटी बहन कोई भी सुरक्षित नहीं है अगर ऐसा ही चलता रहा नैनीताल के सिवाय और जगह भी हो सकता है। इस चीज को और बढ़ावा नहीं देना चाहते इस चीज को जल्दी ही जल्द रोका जाए और इन लोगों पर कार्रवाई की जाए। कविता गंगोला ने कहा हम लोगों को भी सुरक्षित रहना पड़ेगा जिस तरीके से बांग्लादेश में अत्याचार हो रहे हैं यहां भी बहू बेटियों को सुरक्षित रखना पड़ेगा जिस तरीके से बांग्लादेश में माहौल है जितने भी घुसपैठिये आए हैं सरकार से अनुरोध है कि जल्द से जल्द इन घुसपैठिये को निकाले।

रैली में विवेक वर्मा, शैलेश सिंह बिष्ट,युवराज सिंह करायत, सोनू बिष्ट, आशु उपाधाय, दिवांशु जोशी, वाशु वेदी, कुणाल वेदी, अंश भारती, हर्षित अधिकारी, तनिष्क मेहरा, करन सती, पंकज भट्ट, जीवंती भट्ट, मनोज पवार, सुनीता सिंह व मनोज कुमार,अंशुल,हर्षित,जतिन,रजत,रश्मि, अधिया आदि सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# फिल्मी दुनिया

## रिलीज से एक दिन पहले होगा मिस्टर बच्चन का खास प्रीमियर



*मास महाराजा रवि तेजा की आगामी एक्शन ड्रामा बहुप्रतीक्षित फिल्म मिस्टर बच्चन इस स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त को रिलीज के लिए तैयार है, लेकिन रिलीज से एक दिन पहले शाम को होगा फिल्म का खास प्रीमियर। साउथ सिनेमा के सुपरस्टार रवि तेजा इन दिनों अपनी आगामी बहुचर्चित फिल्म मिस्टर बच्चन को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जैसा कि फिल्म का नाम है मिस्टर बच्चन, इस फिल्म में रवि तेजा बॉलीवुड महानायक अमिताभ बच्चन की भूमिका निभाते नजर आएंगे। रवि तेजा के लाखों संख्या में प्रशंसक हैं यही वजह है कि उनकी आगामी फिल्म मिस्टर बच्चन को लेकर उनके प्रशंसक बेहद उत्सुक हैं और फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब फिल्म मिस्टर बच्चन का 14 अगस्त की शाम को एक खास विशेष प्रीमियर रखा जा रहा है, जिसमें फिल्म की पूरी मौजूद होगी। बहरहाल, पूरी फिल्म 15 अगस्त सिनेमाघरों में रिलीज होगी।*

*कुरनूल में मिस्टर बच्चन की प्री-रिलीज इवेंट का भव्य आयोजन किया गया था, जहां पर मिस्टर बच्चन की पूरी टीम ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस कार्यक्रम में मौजूद रवि तेजा ने कहा, फिल्म का हर फ्रेम खूबसूरत होगा। हमारे सिनेमेटोग्राफर अयंका बोस ने मुझे और भाग्यश्री को बेहतरीन तरीके से फिल्माया है।*

### गानों की उम्मीद नहीं थी

*मुझे मिकी जे. मेयर से इस तरह के गानों की उम्मीद नहीं थी। जब मैंने पहली बार धुनें सुनीं, तो मैंने हरीश से पूछा कि क्या मिकी ने ये धुनें बनाई हैं। निर्माता विवेक गारू और विश्व प्रसाद गारू के साथ मेरा बहुत करीबी रिश्ता है। इसके अलावा रवि तेजा ने कहा, भाग्यश्री बोरसे का भविष्य उज्ज्वल होगा। भाग्यश्री ने पहले ही प्रशंसकों के बीच पॉपुलैरिटी हासिल कर ली है और सबसे अहम बात कि उन्होंने इस फिल्म में खुद ही डबिंग की है। इसके अलावा रवि तेजा ने अपने प्रशंसकों से गुजारिश की और कहा, मिस्टर बच्चन को बहुत बड़ी हिट फिल्म बनना चाहिए और हमें (रवि तेजा और हरीश शंकर) को हैट्रिक बनानी चाहिए।*

# भाजपा नेता चुघ ने ट्रांजिट कैंप से शुरुआत की घर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आवाहन के बाद भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में भाजपाइयों ने चामुंडा मंदिर ट्रांजिट कैंप से घर-घर तिरंगा अभियान प्रारंभ किया। भाजपा नेता चुघ के नेतृत्व में प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराया गया। चुघ ने कहा कि तिरंगा देश की शान है और पूरे देश के वासी इसी तिरंगे को नमन करते हैं। ऐसे में सभी देशवासी स्वतंत्रता दिवस पर देश के प्रति अपना योगदान शब्दों में लिखकर दें कि हर घर में तिरंगा लहराएगा ताकि भारत देश की गूंज पूरे विश्व में नजर आए। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में कई देशभक्तों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। उसके बाद ही आज हम आजादी के हवा में सांस ले रहे हैं ऐसे में देश का कोई भी व्यक्ति और युवा पीढ़ी इन देशभक्तों को कभी भी विस्तृत न करें और स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक घर में तिरंगे झंडे को अवश्य फहराएं। इस दौरान जिला संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ पंकज बांगा ,जिला सहसंयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ नितेश गुप्ता, संजय गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, विकास बंसल, मनोज गुप्ता, शिबू ,विशाल, संजय, रामनिवास शर्मा, राज कोली ,सनी पासवान, गौरव प्रजापति, मनू समेत तमाम लोग मौजूद थे।



News कॉर्नर

## 26वें ऑन साईट एटीएम का संयुक्त रूप से शुभारंभ



**नैनीताल ।** दि कूर्माचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड नैनीताल की शाखा बालिका नैनीताल में बैंक नेटवर्क के 26वें ऑन साईट एटीएम का सोमवार को बैंक के पूर्व संचालक चनराम तथा मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर की पूर्व प्रधानाचार्या चंद्र प्रभा साह की ओर से संयुक्त रुप से शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बैंक के सचिव अक्षय साह,शाखा प्रबंधक महेंद्र सिंह बिष्ट समेत बैंक के वरिष्ठ अधिकारी सुनील साह, संजीव राणा, दिनेश जोशी, बैंक के आईटी विभागाध्यक्ष अखिल साह, व्यवसाय विकास प्रमुख (कुमाऊं पर्वतीय क्षेत्र)पवन साह तथा बैंक के अन्य कर्मी व बैंक के ग्राहक मौजूद थे।

## चुंगी में शुल्क देने को लेकर भिड़े पर्यटक

**नैनीताल।** यूपी से अपने वाहन में नैनीताल घूमने आए पर्यटक लेक ब्रिज चुंगी में शुल्क देने को लेकर कर्मियों से भिड़ गए। स्थानीय लोगों की भीड़ देख पर्यटक वाहन लेकर फ रार हो गए। जानकारी के अनुसार सोमवार को यूपी से पर्यटक घूमने के लिए नैनीताल पहुंचे थे। पर्यटक दोपहर में लेकब्रिज चुंगी के पास पहुंचे। जहां टोल कर्मियों ने टोल शुल्क के लिए पर्यटकों का वाहन रोका। वाहन रोकने पर पर्यटक टोल कर्मी से भिड़ गये। जब टोल कर्मी ने पर्यटक को टोल शुक्ल देकर आगे जाने की बात कही तो वह कार से बाहर उतर गया। इस दौरान वह टोल कर्मियों को गाली देने लगा।

# किंग कोबरा का पसंदीदा स्थल बन गई जनपद नैनीताल

उत्तरांचल दीप

**अफजल फौजी, नैनीताल**

किंग कोबरा नैनीताल जिले के कई हिस्सों में फलफूल रहा है। हालही में वन विभाग के सर्वे रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। जलवायु परिवर्तन के चलते तापमान में बढ़ोतरी से जीव जंतुओं में असर देखने को मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत का नेशनल रेप्टाइल किंग कोबरा देश के कई हिस्सों में पाया जाता है। इनमें रेन-फॉरेस्ट एरिया क्रमश: भारत के पूर्वी और पश्चिमी घाट, उत्तर-पूर्वी राज्य, सुंदरबन और अंडमान के कुछ इलाके आते हैं। इसके अलावा पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के कुछ जिलों में पूर्व में किंग कोबरा यदा-कदा देखा जाता है, लेकिन पिछले कुछ सालों में राज्य के एक खास



हिस्से में इसकी मौजूदगी अधिक रिकॉर्ड हुई है। उत्तराखंड के वन विभाग की रिसर्च विंग ने एक रिपोर्ट तैयार में बताया है कि नैनीताल जिला किंग कोबरा का गढ़ बन रहा है। आंकड़ों के हिसाब से रेन फॉरेस्ट वाले परंपरागत हैबीटैट के बाहर नैनीताल में संभवत: किंग कोबरा की सबसे अधिक संख्या है। उत्तराखंड में पहली बार साल 2006 में नैनीताल जिले की भवाली फॉरेस्ट रेंज में किंग कोबरा दिखा था. फिर साल 2012 में मुक्तेश्वर में 2303 मीटर की ऊंचाई में इसका घोंसला मिला. इतनी ऊंचाई पर किंग कोबरा का होना दुनियाभर में एक रिकॉर्ड है। रिपोर्ट तैयार करने वाले रिसर्च फेलो ज्योति प्रकाश ने बताया कि पिछले कुछ सालों में देहरादून और हरिद्वार जैसे बड़े जिलों में किंग कोबरा की रिकॉर्डेड साइट को जोड़ भी दें, तो नैनीताल में इससे ढाई गुना अधिक बार किंग कोबरा देखा गया है। यहां कई घोंसले भी लोकेट किए हैं। इतनी ऊंचाई पर किंग कोबरा का मिलना शोध का विषय है। इसके साथ ही उत्तराखंड के पांच जिलों में किंग कोबरा के होने के सुबूत मिले हैं। साल 2015 से जुलाई 2020 के बीच पूरे राज्य में किंग कोबरा कुल 132 बार देखा गया। इनमें से 83 बार किंग कोबरा की मौजूदगी नैनीताल जिले में ही रिकॉर्ड की गई जबकि देहरादून में किंग कोबरा को 32 बार देखा गया. इसके अलावा पौड़ी जिले में 12 बार किंग कोबरा दिखा, जबकि उत्तरकाशी में सिर्फ 3 और हरिद्वार में तो 2 बार ही इसकी साइटिंग रिकॉर्ड हुई। वन विभाग के शोधकर्ता हैरान हैं कि आखिर नैनीताल जिले में ही किंग कोबरा की इतनी मौजूदगी कैसे बढ़ रही है. खासतौर से तब जबकि किंग कोबरा एक कोल्ड ब्लडेड प्राणी है जिसके लिए वातावरण का बदलता तापमान दुश्वारी पैदा करता है। साल 2012 में मुक्तेश्वर में 2303 मीटर की ऊंचाई में इसका घोंसला मिला। इतनी ऊंचाई पर किंग कोबरा का होना दुनिया भर में एक रिकॉर्ड है।

### तापमान बढ़ना है वजह

वन विभाग के स्नेक कैचर निमीष दानू बताते हैं कि नैनीताल का बढ़ता तापमान किंग कोबरा के मिलने की मुख्य वजह है. उन्होंने बताया कि किंग कोबरा ठंडे खून वाला सांप है. जिसे गर्मी चाहिए होती है. पहाड़ों में मिलने वाले पिरूल, बांज के पत्तों में गर्मी निकलती है. किंग कोबरा भी अपना घोंसला पीरूल और बांज के पत्तों में बनाता है. उन्होंने बताया कि नैनीताल और इसके आस पास बांज के जंगल में उन्हें कई बार किंग कोबरा का घोंसला मिला है। अभी तक नैनीताल में 18 फीट लंबा किंग कोबरा का उन्होंने रेस्क्यू किया है।

# नशा मुक्ति को लेकर बच्चों ने जन जागरुकता रैली निकाली

नैनीताल

**हमारे संवाददाता**

नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को नैनीताल में तमाम स्कूलों के बच्चों ने जन जागरुकता रैली निकाली।

बता दें कि रैली मल्लीताल से शुरू हुई और मॉल रोड होते हुए तल्लीताल गांधी मूर्ति पहुंची। इस रैली में शहर के विभिन्न विद्यालयों के 500 से अधिक छात्र.छात्राओं व एनसीसी कैडेटों ने बैनरों के साथ ने रैली में भाग लिया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न नारों से लोगों से नशे से दूर रहने का आह्वान भी किया। नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य पर सनवाल स्कूल मल्लीताल में विद्यार्थियों द्वारा रैली का नगर भ्रमण करते हुए आयोजन किया गया तथा विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर बनाए गए व नशामुक्ति पर



भाषण दिया गया।

इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या ए इमैनुएल तथा समस्त अध्यापक वर्ग मौजूद थे। दूसरी ओर रैली में विभिन्न स्कूलों के बच्चों समेत प्रधानाचार्य, शिक्षक सहित शिक्षा विभाग के कर्मचारी शामिल हुए।

# जनपद में नशा मुक्ति भारत के अंतर्गत शपथ दिलाई गई

रुद्रपुर

**हमारे संवाददाता**

नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। अभियान के क्रम में जनपद के विभिन्न कार्यालयों, विद्यालयों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, उच्च शिक्षण संस्थानों में भी नशा मुक्ति के सम्बन्ध में शपथ दिलायी गयी। जिसमे कुल 19559 छात्र-छात्राओं, शासकीय कार्मिकों, स्थानीय नागरिकों, प्रेस प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अतिरिक्त ''विकसित भारत का मंत्र-भारत हो नशे से स्वतंत्र'' कार्यक्रम के तहत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में पेंटिंग प्रतियोगिता, गोष्ठियां, पौधारोपण व रैली आदि गतिविभियां भी आयोजित की गई। इधर जिला सूचना अधिकारी गोविंद बिष्ट ने कार्यलय में मीडिया कर्मियों को नशा मुक्ति भारत के अंतर्गत शपथ दिलाई।



# कुमाऊं आयुक्त ने की अधिकारियों के साथ बैठक



नैनीताल

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली में विचाराधीन प्रकरण के सम्बन्ध में कुमाऊं आयुक्त ने कैंप कार्यालय सभागार में सोमवार को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण विशेष निकाय है,जो बहु अनुशासनात्मक मुद्दों से जुड़े पर्यावरणीय विवादों को संभालने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता से सम्पूर्ण है। उन्होंने नियमों व मानकों के विरुद्ध कार्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के तहत बिना अनुमति के पेड़ कटाव तथा भू कटाव तथा अवैध तरीके के बन रहे होम स्टे या अन्य निर्माण कार्य, घरों व होटलों आदि से निकलने वाला प्रदूषित पानी या सीवर नदी, नालों व तालाबों में जाता है जिससे पर्यावरण और अन्य समस्याएं उत्पन्न होती है। कहा कि ऐसे लोगों को सूची तैयार करें जिससे पर्यावरण को दूषित करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने जल निगम और सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि जो पुरानी सीवर लाइन या क्षतिग्रस्त हो गई है उनका सर्वे करें जिससे समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निस्तारण किया जा सके। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से अवैध रूप से पेड़ों में कटान या नुकसान करने वालों पर चालानी कार्रवाही करने को कहा।

उन्होंने एडीएम को पहाडी इलाकों में बन रहे होम स्टे का सर्वे और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को पंगूट गांव के आस पास अवैध रूप से बन रहे होम स्टे की सूची बनाकर 15 दिन के भीतर रिपोर्ट देने को कहा साथ ही ग्रीन बैल्ट को नुकसान करने वालों की सूची तैयार कर रिपोर्ट देने निर्देश दिए। बैठक में दौरान एसएसपी पीएन मीणा, एडीएम पी आर चौहान, लोनिवि ईई रत्नेश कुमार, यूपीसीएल ईई एसके सहगल समेत जल संस्थान ईई रमेश सिंह गर्बयाल व जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी आदि मौजूद रहे।

## पौधरोपण अभियान जारी

**हल्द्वानी।** बरसात के मौसम में पर्यावरण संरक्षण हेतु वन्दे मातरम् ग्रुप का पौधरोपण अभियान जारी है।

संस्था की इस मुहिम का नाम है एक पेड़ अपने नाम का जिसमे व्यक्ति एक पेड़ लगा रहा है और उसमे अपने नाम का लगा रहा है और उस व्यक्ति की जिम्मेदारी होगी अपने नाम के पेड़ की देखभाल करने की। संस्थापक शैलेन्द्र सिंह दानू ने बताया जिस प्रकार से इस बार उत्तराखंड का तापमान बढ़ा है, अगर अभी से पर्यावरण संरक्षण में ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय से पहाड़ो का टेम्परेचर भी 50 डिग्री पार होगा।

## सेंट जोसेफ कॉलेज बनाम सनवाल स्कूल के मध्य खेला जाएगा सेमी फाइनल

नैनीताल

**हमारे संवाददाता**

डीएसए मैदान में सीआरएसटीसी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन द्वारा आयोजित एवं द नैनीताल बैंक लिमिटेड द्वारा प्रायोजित 76वीं एच. एन. पांडे मेमोरियल चिल्ड्रन फुटबाल टूर्नामेंट में सोमवार को प्रतियोगिता का पहला सेमी फाइनल खेला गया।

बता दें कि पहला सेमी फाइनल में बीएसएसवी ए तथा पीपीजे सरस्वती विहार दुर्गापुर के मध्य खेला गया। मध्यांतर तक दोनों ही टीमों के खिलाडियों ने गोल करने के लिए खूब पसीना बहाया लेकिन किसी भी टीम के खिलाड़ी को कोई कामयाबी नहीं मिल पायी। मध्यांतर के बाद बीएसएस वी की ए टीम के खिलाडियों क्रमश: मोहित व निर्भय ने एक-एक गोल किया जबकि पीपीजे सरस्वती विहार को दूसरे हाफ में भी कोई कामयाबी नहीं मिल पायी। इस प्रकार बीएसएस वी की ए टीम ने दो गोल कर मैच जीतकर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। रेफरी प्रेम सिंह बिष्ट, भास्कर व अपूर्व बिष्ट तथा चारू रहे। प्रतियोगिता के तहत अब सोमवार (आज) को दूसरा सेमी फाइनल शाम को 5 बजे सेंट जोसेफ कॉलेज बनाम सनवाल स्कूल के मध्य खेला जाएगा।

इस दौरान सीआरएसटी ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश चंद्र बवाड़ी, महासचिव डा. मनोज सिंह बिष्ट समेत जगदीश चंद्र लोहनी, आनंद सिंह बिष्ट, मोहित लाल साह, बिशन सिंह मेहता,धर्मेंद्र शर्मा,प्रो. ललित तिवारी, शैलेंद्र बर्गली, शैलेंद्र चौधरी,भूपाल सिंह नयाल,विनोद साह, शैलेंद्र चौधरी, गोविन्द सिंह बोरा समेत खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# जनता दरबार में शहर के विभिन्न समस्याओं को लेकर शिकायतें दर्ज कराई

नैनीताल

**हमारे संवाददाता**

नगर पालिका परिषद सभागार में सोमवार को पहली मर्तबा पालिका प्रशासक के.एन. गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में शहर के विभिन्न समस्याओं को लेकर नागरिकों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। जनता दरबार में लोनिवि, जल संस्थान, ऊर्जा निगम, पर्यटन विभाग और श्रम विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

बता दें कि जनता दरबार का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को सीधे संबंधित विभागों के सामने रखकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर शहरवासियों ने बिजली, पानी, सडक़, पेंशन, मानचित्र



स्वीकृति और कूड़े के निस्तारण की समस्या को प्रमुखता से उठाया। शहरवासियों ने बिजली की अव्यवस्थित लाइनों की समस्या को लेकर चिंता व्यक्त की साथ हीए जल संस्थान की ओर से पानी की आपूर्ति में हो रही अनियमितता और खुले में बहता सीवर के पानी की समस्याओं को भी उठाया गया। इसके अतिरिक्त सड़कों की दयनीय स्थिति और कूड़े के ढेरए जो कि स्वास्थ्य के लिए खतरा बने हुए हैं पर भी चर्चा की गई। जनता दरबार में उपस्थित अधिकारियों ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि सभी समस्याओं का जायजा लिया जाएगा और नागरिकों को अगले सोमवार तक समाधान के लिए उचित उपायों की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, अरविन्द सिंह पडियार, भूपेन्द्र सिंह बिष्ट समेत लोनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनौटी, सिंचाई विभाग से डीडी सती, ऊर्जा निगम के एसडीओ प्रियंक पांडे मोहित शाह संतोष कुमार समेत प्राधिकरण से हेम उपाध्याय व जल संस्थान से विवेक चन्द्र भट्ट आदि मौजूद रहे।